हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024

11 बाढ़ड़ा बस स्टैंड में गेहूं के ढेरियां लगने से बसों का ...



12 बारदाना और उठान में ढिलाई को लेकर ...



## खबर संक्षेप

### दो दिन मंडियां रहेंगी बंद नहीं कटेंगे गेट पास

**चरखी दादरी।** जिले की मंडियों में 19 व 20 अप्रैल को सरसों की खरीद बंद रहेगी, सरसों की काफी अधिक आवक के चलते लगभग पूरी मंडी ब्लॉक हो गई है, इसलिए उठान की गति बढ़ाने के लिए ये निर्णय लिया गया है। डीएमईओ ज्योति धनखड़ ने इसको लेकर आदेश जारी कर कहा हैं कि जिले की मंडियों को अगले दो दिन यानी 19 व 20 अप्रैल को बंद रखने का निर्णय लिया है।

### रेजिमेंटल केंद्रों में 19 से 27 तक भेजे जाएंगे

**भिवानी।** चरखी दादरी सेना भर्ती कार्यालय द्वारा दिसंबर 2023 की भर्ती में सफल हुए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल क्लर्क व स्टोर कीपर तकनीकी सभी शस्त्र और अग्निवीर ट्रेड्समैन संबंधित रेजिमेंटल केंद्रों को भेजने की तारीख 19 से 27 अप्रैल 2024 तक निर्धारित की गई है। सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी के भर्ती निदेशक कर्नल आनंद ने बताया कि योग्यता सूची में अधिकतम 893 उम्मीदवारों के साथ सेना भर्ती कार्यालय, चरखी दादरी ने पूरे हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल किया था।

# कृषि विभाग ने बीज की दुकानों पर मारे छापे, दस सैंपल लिए

## नकली बीज बेचने वाले विक्रेताओं पर कृषि विभाग करेगा कार्रवाई : फौगाट

मुख्यालय से मिले टारगेट के बाद कृषि विभाग ने बीजों के सैंपल लेने के लिए 4 टीमें गठित की हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कृषि विभाग ने नकली बीज व दवाई बेचने वाले विक्रेताओं पर नकेल कसने के लिए कृषि विभाग ने कमर कस ली है। मुख्यालय से मिले टारगेट के बाद कृषि विभाग द्वारा बीजों के सैंपल लेने के लिए 4 टीमों का गठन किया गया है, जिसके बाद अब ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में स्थित खाद, दवाई व बीज विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। इसी क्रम में कृषि विभाग की टीम ने बीज खाद की दुकानों से दस बीज के सेम्पल लिए और उनको सील करके जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया।

हालांकि अभी बीज के असली व नकली होने की रिपोर्ट नहीं मिलेगी,लेकिन जल्द ही लैब अपनी रिपोर्ट जारी करेगा। वीरवार को कृषि विभाग की टीम ने भिवानी दुकानों पर खरीफ फसलों के बीजों की जांच की। इस दौरान टीम ने विभिन्न फसलों के दस बीजों के सेम्पल लिए और जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। टीम के इस तरह के अभियान के बाद बीज विक्रेताओं में हड़कम्प मच गया।



भिवानी। दुकान पर बीज की जांच करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### किसानों को जागरूक करेगा कृषि विभाग

उप कृषि निदेशक डॉ.विनोद कुमार फोगाट ने बताया कि खरीफ सीजन से पहले उपचारित बीजों के इस्तेमाल के प्रति किसानों को विभाग की तरफ से विशेष तौर पर जागरूक भी किया जाएगा इसके अतिरिक्त किसानों को बीज खरीदते वक्त पक्का बिल लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि अगर कोई बीज कम गुणवत्ता का पाया जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही करना आसान हो सके कृषि विभाग ने किसानों का आवाहन किया है कि वह सिर्फ मान्यता प्राप्त बीज की दुकानों पर ही बीज खरीदें। डॉ. विनोद फोगाट ने बताया कि खरीफ सीजन में किसानों को बेहतर गुणवत्ता का बीज उपलब्ध हो सके इसके लिए धानए बाजरा सहित विभिन्न फसलों के बीजों के सैंपल लिए जाएंगे टीमों का गठन किया गया है। मुख्यालय से वर्ष 2024.25 के लिए 174 सैंपल लेने का टारगेट प्राप्त हुआ है किसानों से आवाहन है कि वह पक्के बिल पर ही बीज खरीदें ।

### रिपोर्ट फेल आई तो...

डीडीए डॉ. विनोद फौगाट ने कहा कि बताया कि गत वर्ष में 174 बीज के सैम्पल लेने का लक्ष्य दिया गया था जिसके विरूद्ध 165 बीज के सैम्पल लिए गए सभी सैम्पल गुणवत्ता सही पाये गये, इसी प्रकार चालू वर्ष में भी 174 सैम्पल के लक्ष्य की विरुद्ध खरीफ सीजन में भी अब तक 10 बीज के सैम्पल कपास, मूंग, चारा, फसल के लिये गये हैं व जांच के लिए सम्बन्धित लैब को भेज दिए गए हैं, जांच रिपोर्ट में अगर कोई सैंपल कम गुणवत्ता का पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस सैम्पलींग अभियान को और अधिक तेजी के साथ चलाया जाएगा।





भिवानी। श्रेष्ठी को सम्मानित करते कर्नल आनंद साकले। फोटो : हरिभूमि

# दादरी की बेटी श्रेष्ठी का एनडीए में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

■ सूबेदार मेजर आर धर्मराज ने उन्हें सम्मानित किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामना दी

शहर के वार्ड 12 निवासी दिलबाग सिंह की बेटी श्रेष्ठी का एनडीए कोर्स सीरियल नंबर 152 के लिए चयन हुआ है, जिस पर सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल आनंद साकले ने बधाई दी।

कर्नल साकले ने बताया कि सेना भर्ती कार्यालय द्वारा पिछले साल प्रेरक व्याखान अयोजित किया गया था, जिसमें श्रेष्ठी का एनडीए कोर्स सीरियल नंबर 152 आर्मी ऑफिसर के लिए चयन हुआ है, ये हमारे इलाके के लिए गर्व की बात है। श्रेष्ठी ने बताया की एसएसबी इंटरव्यू पास करने के बाद मेडिकल में टेंपरेरी रिजेक्ट होने पर सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती चिकित्सक मेजर अश्विनी कुमार के मार्गदर्शन से मेडिकल में फिट होने में मदद मिली। प्रशिक्षण के बाद उनकी पहली नियुक्ति लेफ्टिनेंट के रूप में होगी। इस मौके पर श्रेष्ठी अपने पिता और डॉक्टर चाहर के साथ सेना भर्ती कार्यालय ये खुशखबरी देने पहुंची। सूबेदार मेजर आर धर्मराज ने उन्हें सम्मानित किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामना दीं और कहा कि श्रेष्ठी का सेना में अधिकारी में चयन हमारे क्षेत्र की बेटियों के लिए अत्याधिक प्रेरणादायक है।

## एनएच 334बी पर अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, चालक की मौत



भिवानी। सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त कार। फोटो : हरिभूमि

**बाढ़ड़।** नेशनल हाइवे 334बी पर वीरवार को गांव बिंद्राबन के समीप कार अज्ञात कारणों के चलते अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को चरखी दादरी के सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर बाढ़ड़ा थाना पुलिस चरखी दादरी सिविल अस्पताल पहुंची और कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा। दिल्ली निवासी जयंत महेंद्रगढ़ जिले के गांव पथरवा में शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। गांव बिंद्राबन के समीप कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई और पलटकर खेतों में जा गिरी। सड़क हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे चरखी दादरी के सिविल अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक दिल्ली का निवासी बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर बाढ़ड़ा पुलिस चरखी दादरी सिविल अस्पताल पहुंची, जहां मृतक के परिजनों के पहुंचने परशव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपा गया।

## मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने किया जेल का औचक निरीक्षण



भिवानी। जेल में बंदियों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**भिवानी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सीजेएम.कम.सचिव कपिल राठी ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों.हवालातियों को उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना व समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी दी। उन्होंने जेल की बैरिकों व जेल में स्थापित कानूनी सहायता क्लीनिक और जेल अस्पताल का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर जेल के किचन का भी दौरा किया और तैयार हो रहे भोजन का भी निरीक्षण किया । सीजेएम राठी ने जेल में बंद कैदियों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को अपने केस की पैरवी करने के लिए वकील की जरूरत है, तो वह मुफ्त कानूनी सेवाएं के लिए प्राधिकरण के अधीन वकील की सेवाएं ले सकता है। इस संबंध में लिखित दर्खास्त जेल प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी के कार्यालय को भेजनी होगी।

## बस परिचालक से छीना पैसों से भरा बैग, पुलिस ने मामला किया दर्ज

■ भिवानी बस स्टैंड से नारनौल के लिए रवाना हुई थी बस

**भिवानी।** हरियाणा रोडवेज के परिचालक से लूट की घटना सामने आई है। बता दें कि नारनौल डिपो की बस भिवानी बस स्टैंड से रवाना हुई और शहर के हनुमान गेट से एक युवक बस में सवार होता है। उसके बाद वह बदमाश बस परिचालक से छीना झपटी करता है तथा बैग छीनकर बस से फरार हो जाता है। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई और पुलिस मौके पर पहुंची व आगामी कार्रवाई जारी है।

घटना के बारे में बस परिचालक ने बताया कि गुरुवार को भिवानी बस स्टैंड से जब नारनौल के लिए रवाना हुई तो हनुमान गेट के समीप एक युक बस में चढ़ा और छीना झपटी कर बैग छीनकर भाग गया। परिचालक सुभाष ने बताया कि बैग में 3.4 हज़ार रुपये थे तथा इस घटना में उसकी शर्ट फट गई ,जैसे तैसे परिचालक ने उसका पीछा किया ,लेकिन युवक भागने में सफल रहा। पुलिस आगामी कार्रवाई कर रही है।

## बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों को लेकर विभाग हुआ सख्त, निजी विद्यालयों से वाहनों का मांगा डाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

■ विद्यालय मुखियाओं से लिए जा रहे हैं शपथपत्र

कनीना में हुए निजी बस हादसे को लेकर विभाग निजी विद्यालयों को लेकर और अधिक सख्त हो गया है। जिसको लेकर निजी विद्यालयों की मान्यता व विद्यालयों में लगे वाहनों की पूरी गहनता से जांच की जा रही है। हालांकि बताया जाता है कि बिना मान्यता के 8वीं तक खुले एमआईएस पोर्टल शिक्षा विभाग पंचकूला द्वारा बंद करने आदेश की भी सूचना बताई जाती है। इसी को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा बिना मान्यता के 8वीं तक खुले हुए पोर्टल को बंद करने बारे आदेश जारी करने के बाद अब गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के 8वीं तक खुले सैकड़ों स्कूलों के एमआईएस पोर्टल पर खतरा मंडरा गया है। हालांकि इसी को लेकर खंड बवानीखेड़ा खंड में भी बिना मान्यता प्राप्त चल रही छोटी दुकानों पर संकट के बादल छाते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। बताया जाता है कि प्रदेश में बिना मान्यता के 8वीं तक अनेक गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के एमआईएस पोर्टल खुले हुए हैं जिनमें खंड के भी अनेक विद्यालय शामिल हैं। जो शिक्षा विभाग की नजरों से पिछले कुछ सालों से छिपे हुए थे लेकिन अब ये शिक्षा विभाग की रडार पर आ गए हैं। वहीं खंड बवानी खेड़ा में भी ऐसे अनेक विद्यालय बताए जाते हैं जिनमें अब खलबली मची हुई है।

विभाग के आदेशानुसार सीआरसी संतोष भाकर द्वारा कलस्टर के अनेक विद्यालयों का टीम सहित मुआयना किया था व निजी विद्यालयों के वाहनों के कागजातों की जांच की थी। कमी पाए जाने पर सुधारीकरण बारे आदेश जारी किए थे जिसको लेकर खंड में हड़कंप मच गया था और अधिकतर विद्यालयों द्वारा वाहनों के कागजातों का दुरूस्त करवाया।

### डाउनलोड किया जा सकता है डिजिटल वोटर आईडी कार्ड

**चरखी दादरी ।** अब कोई भी मतदाता घर बैठे ही अपना वोटर आईडी कार्ड ऑनलाइन डाउनलोड कर सकता है। इसके लिए निर्वाचन आयोग की ओर से ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरू की हुई है। मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गई है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकता है। डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजीलॉकर में अपलोड किया जा सकता है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि ई-ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है।

**फैसला** शून्य ड्रॉप आऊट को लेकर लिया फैसला

## ईंट-भट्ठे व कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले परिवार के बच्चों के दाखिले में पीपीपी-आधार कार्ड जरूरी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शिक्षा विभाग ने शून्य ड्रॉप आऊट को लेकर कमर कस ली है। अब शिक्षा विभाग ने ईंट-भट्ठे, प्रवासी मजदूर व निर्माण साइट पर कार्य करने वाले मजदूरों के परिवार के बच्चों को राहत देते हुए परिवार पहचान पत्र व आधार कार्ड की जरूरत को खत्म कर दिया है। अब इन बच्चों के दोनों डॉक्यूमेंटों के बिना ही स्कूलों में पंजीकरण किया जाएगा। यहां तक कि इस तरह के बच्चे का नाम दाखिला खारिज रजिस्टर में दर्ज करके उसको शिक्षा अधिकारी अधिनियम के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए है। ताकि प्रदेश में ड्रॉप आऊट के आंकड़े को शून्य स्तर पर लाया जा सके।

शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रवेश उत्सव को लेकर नया आदेश जारी किया है। नए आदेश के तहत पीपीपी तथा आधार नम्बर न होने की सूरत में भी उक्त श्रेणी के बच्चों को दाखिला किया जाना निहायत जरूरी है।





दाखिला करने के तत्काल बाद बच्चों को मुफ्त में पाठय पुस्तकें, कार्य पुस्तकें इत्यादि प्रदान की जाए। नामांकन के लिए आयु के साक्ष्य के दस्तावेज के लिए निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकारी अधिनियम में व्यवस्था की गई है। अगर आवेदक बालक के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं है तो उस सूरत में आगंनबाड़ी अभिलेख, हस्तपाल या नर्स, दाई के रजिस्टर का अभिलेख के आधार पर भी दाखिला किया जा सकेगा। अगर उक्त कागजात भी नहीं है तो बच्चे के माता व पिता या संरक्षक द्वारा बालक की आयु का शपथ पत्र मान्य होगा। साथ ही भेजे गए निर्देशों में कहा गया है कि उक्त बच्चों के एमआईएस पोर्टल पर पंजीकरण के लिए अलग से व्यवस्था की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि स्कूलों में बच्चों के दाखिले के लिए पीपीपी व आधार कार्ड जरूरी है,लेकिन शिक्षा विभाग ने ड्रॉप आऊट आंकड़े को शून्य करने के लिए ईंट-भट्ठे, प्रवासी मजदूर व निर्माण साइट पर कार्य करने वाले मजदूरों के परिवार के बच्चों को राहत देते हुए उक्त दस्तावेज जरूरी नहीं है।





विशेषः विश्व पेंगुइन दिवस, 25 अप्रैल

# कुशल तैराक और गोताखोर पक्षी पेंगुइन

बच्चों के लिए पेंगुइन बहुत ही अनूठा पक्षी है। यह उड़ नहीं सकता लेकिन पानी में बहुत ही कुशलता से तैरना और गोता लगाना जानता है। इसकी चाल और अजीबो-गरीब आवाज हर किसी को लुभाती है। पेंगुइन की और कौन-सी बातें हैं, जो इस पक्षी को अनूठा बनाती हैं, जानो।

जंतु जगत

शिखर चंद जैन

पेंगुइन की गिनती दुनिया के सुंदर और अनूठे पक्षियों में होती है। इसके पंख नहीं, फ्लिपर्स होते हैं, जो कुछ-कुछ हमारे हाथों जैसे काम करते हैं। ये फ्लिपर्स कैटवॉक करने में इनकी मदद करते हैं, साथ ही शरीर का संतुलन बनाए रखते हैं। बच्चों, जानो पेंगुइन से जुड़ी और भी बातें-

**होती हैं कई प्रजातियांः** पेंगुइन की कई प्रजातियां होती हैं। हाल ही में अंटार्कटिका में एक बेहद दुर्लभ किस्म का सफेद पेंगुइन देखा गया। इस पेंगुइन को शुरू-शुरू में जीव वैज्ञानिकों ने जब देखा था तो इसे एक अजीब बत्तख का नाम दिया था। कुछ ने इन्हें मैगेलेनिक पेंगुइन का नाम दिया था।



**शानदार तैराक :** पेंगुइन पक्षी उड़ते नहीं बल्कि चलते और तैरते हैं। ये बर्फ पर पेट के बल फिसलते हुए अठखेलियां भी करते हैं। पेंगुइन पानी में तैरने से पहले हवा में ऊंची छलांग लगाते हैं। कई प्रजातियों के पेंगुइन तो हवा में 6 से 9 फीट तक की छलांग लगा सकते हैं। इससे इनके पंखों में जो हवा के बुलबुले होते हैं, वे निकल जाते हैं, पानी में तैरने की गति बढ़ जाती है। इनमें सबसे तेज तैराक गेंटुस पेंगुइन होते हैं, जो प्रति घंटे 20 मील तक तैर सकते हैं, जबकि आमतौर पर अन्य प्रजातियों के पेंगुइन की पानी में तैरने की गति 10 मील प्रति घंटे होती है।





**कुशल गोताखोरः** ज्यादातर पक्षियों में उड़ने की क्षमता होती है, क्योंकि इनकी हड्डियां खोखली होती हैं। वहीं पेंगुइन की हड्डियां ठोस और भारी होती हैं, इसलिए ये गहराई में गोता लगाने में भी सक्षम होते हैं। ऑस्ट्रेलियन अंटार्कटिक विभाग के वैज्ञानिकों ने अपने रिकॉर्ड में एंपरर प्रजाति के पेंगुइन को 1850 फीट की गहराई तक गोता लगाते हुए भी देखा है। पेंगुइन पानी के भीतर 15 से 22 मिनट तक रह सकता है।

**छिपने की कुदरती क्षमताः** पेंगुइन की पीठ पर काला रंग उनके समुद्र के भीतर छुपने में मददगार साबित होता है। जबकि सफेद पेट की वजह से इन्हें नीचे की तरफ देखना आसान होता है। काली पीठ इन्हें लेपर्ड सील जैसे शत्रुओं से बचाती है, जबकि इन्हें अपने शिकार जैसे मछली, स्क्विड, केकड़ों आदि से भी इन्हें छुपाती है। इससे इन्हें अपना शिकार करना आसान हो जाता है।

**खारा पानी पीने में सक्षमः** पेंगुइन आमतौर पर प्यास लगने पर ग्लेशियरों से पिघला हुआ बर्फीला पानी या झरनों का पानी पीना पसंद करते हैं। लेकिन ये समुद्र का खारा पानी भी आसानी से पी सकते हैं।

**रहते हैं झुंड मेंः** पेंगुइन कई बार दर्जनों या सैकड़ों नहीं बल्कि कभी-कभी तो हजारों की संख्या में एक साथ रहते हैं। वैज्ञानिक कई बार तो इनकी कॉलोनी या सामूहिक निवास का पता अंतरिक्ष से भी लगा लेते हैं, ऐसा इनकी काले रंग की बीट के कारण होता है। 2018 में वैज्ञानिकों ने एक द्वीप पर 1.5 मिलियन सदस्य संख्या वाली पेंगुइन की कॉलोनी का पता इसी तरह लगाया था। *

### बदलते हैं आवरण

**बच्चों,** जैसे सांप कुछ समय बाद अपनी केंचुली (त्वचा का आवरण) बदलता है, वैसे ही पेंगुइन का भी साल में एक बार रिनोवेशन हो जाता है। यानी उनके सारे पंख झड़कर दोबारा नए चमकदार पंख आ जाते हैं। इसमें दो से तीन हफ्ते का समय लगता है। पेंगुइन के दांत नहीं होते हैं, इसकी बजाय उनके मुंह में हमारे मसूड़े की तरह के मांसल स्पाइन होते हैं, जिनकी मदद से यह मछलियों को निगलते हैं। बच्चों, कुछ पेंगुइन प्रजातियां जो लुप्तप्राय हो चुकी हैं, वे 5 फुट से भी ज्यादा लंबाई की होती थीं। हाल ही में मिले जीवाश्म से पता चलता है कि कभी पेंगुइन सीधे खड़े होने पर 5 फुट 10 इंच लंबे इंसान के बराबर तक होते थे।





# अनोखी है किताबों की दुनिया

विश्व पुस्तक दिवस / सरस्वती रमेश

किताबों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। ये ज्ञान का भंडार होती हैं। किताबें हमें अनेकानेक विषयों की गहन जानकारी देकर हमारे ज्ञान को बढ़ाती हैं। इसलिए लोगों में पढ़ने की रुचि जगाने के लिए यूनेस्को ने 1995 में विश्व पुस्तक दिवस मनाने की घोषणा की। तब से हर साल यह 23 अप्रैल को मनाया जाता है। बच्चों, आओ जानते हैं, किताबों का हमारे जीवन में क्या महत्व है।

**किताबों का महत्व :** किताबों से मिले ज्ञान से बड़ा से बड़ा काम किया जा सकता है। किताबें पढ़ने से हमें संबंधित विषय की वृहत जानकारी मिलती है, जिससे रिसर्च और कोई नई खोज की जा सकती है। सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में नहीं, जीवन के हर क्षेत्र में किताबों से मिला ज्ञान हमारे बहुत काम आता है। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक बनने के लिए किताबी ज्ञान की जरूरत पड़ती है। इसलिए हम सब को ज्ञान-विज्ञान से भरी किताबें जरूर पढ़नी चाहिए। साथ ही अपने दोस्तों को भी किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।



**मिलती हैं नई जानकारियां :** किताबों की दुनिया अद्भुत और अनोखी होती है। विज्ञान, इतिहास, भूगोल के साथ अन्य विषयों की जानकारी मिलती है। किताबें पढ़ने से नई-नई जानकारियां मिलती हैं। नई तकनीक पता चलता है। किताबों में महान लोगों के अच्छे विचार पढ़कर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। किताबें पढ़कर हमें मुश्किल हालात से निकलने के रास्ते भी मिलते हैं। किताबों मे सिर्फ ज्ञान की बातें ही नहीं, किस्से-कहानियां भी होती हैं, जो हमारा मनोरंजन तो करती ही हैं, हमें अच्छी सीख भी देती हैं।

**कॉमिक्स और पत्रिकाएं:** किताबों और पत्र-पत्रिकाओं ने हमें अनेक प्रेरक नायक दिए हैं। कॉमिक्स में ऐसे कैरेक्टर दिए हैं, जो हमें साहसी बनाते हैं। ऐसे भी कैरेक्टर से हमारा परिचय हुआ, जो हमें हंसाते हैं। हंसी-हंसी में बहुत कुछ सिखा भी जाते हैं। इसी तरह बच्चों को अपने लिए निकलने वाली पत्रिकाएं पढ़कर भी बहुत कुछ सीखने-जानने का अवसर मिलता है।

**शेयर करके पढ़ें किताबें:** हम बहुत सारी किताबें एक साथ खरीदकर नहीं पढ़ सकते, इसलिए किताबें एक-दूसरे से शेयर करके पढ़ें। इससे हमें विविध विषयों पर किताबें पढ़ने को मिल जाएंगी। मिल-बैठकर पढ़ने या किताबें शेयर करके पढ़ने से सभी दोस्तों को अधिक से अधिक विषयों पर किताबें पढ़ने को मिल जाएंगी। साथ ही किताबों के किस्से-कहानियों से मिली सीख को अपने जीवन में उतारकर हम तमाम तरह की मुश्किलों से बच सकते हैं।

**सबसे अच्छी दोस्त:** किताबों को इंसान का सबसे अच्छा दोस्त कहा जाता है, क्योंकि ये हमारा ज्ञानवर्धन करके हमें पग-पग पर सही राह दिखाती हैं, सफलता का मार्ग प्रशस्त करती हैं। जिस तरह भोजन हमारे शरीर के विकास के लिए जरूरी है, उसी तरह हमारे मानसिक विकास के लिए किताबें बहुत जरूरी हैं। किताबें हमारे सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ाती हैं। अच्छे-बुरे का भेद बताती हैं। जब हम किसी बात से परेशान हों तो ये किताबें ही होती हैं, जो तरह-तरह के किस्सों से हमारा मन बहलाती हैं। इतना ही नहीं, किताबों में हमारी परेशानियों और समस्याओं का हल भी मिलता है। तो बच्चों, इस तरह किताबें हैं ना हमारी सबसे अच्छी दोस्त! *

## जीके क्विज-100

1. हाल ही में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली एक मात्र महिला भारतीय वेटलिफ्टर कौन हैं?
2. राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कब मनाया जाता है?
3. पिछले दिनों भारतीय वायुसेना ने कौन-सा 10 दिवसीय मेगा युद्धाभ्यास किया?
4. हाल ही में ज्यूडिथ सुमिनवा किस अफ्रीकी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं?
5. मध्य प्रदेश के राज्यपाल का क्या नाम है?
6. तेहरान किस देश की राजधानी है?
7. सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह कौन-सा है?
8. किस गैस को 'लाफिंग गैस' भी कहा जाता है?
9. पक्षियों का अध्ययन विज्ञान की किस शाखा में किया जाता है?
10. 'आईन-ए-अकबरी' पुस्तक किसने लिखी थी?



बच्चों, जीके क्विज-100 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज 99 का सही उत्तर :** 1. आयरलैंड, 2. क्रिस्टीना पिस्जकोवा (चेक रिपब्लिक), 3. सामवेद, 4. कल्हण, 5. आर.के. शंमुखम शेट्टी, 6. 22 अप्रैल, 7. कार्ल लैंडस्टीनर, 8. विशाखापत्तनम,9. जिनेवा (स्विट्जरलैंड), 10. एस. सोमनाथ

**जीके क्विज 99 का सही उत्तर भेजने वाले :** येणु-धमतरी, सरबजीत-करनाल, तृषा-रायपुर, कबीर-हिसार, हर्ष-भिवानी, नमिता-जांजगीर, तानिया पटेल-धमतरी, गोपाल-दुर्ग, प्रियांशु-जींद, आस्था-भोपाल, प्रिंस-जबलपुर

## हंसगुल्ले



**चिंटू :** तुम हमेशा अपनी जेब में नीबू क्यों रखते हो?
**मिंटू :** दुश्मनों के 'दांत खट्टे' करने के लिए।
**-रोशनी, भोपाल**

**टीचर :** मोबाइल की खोज किसने की?
**नैंसी :** सर, मेरी मम्मी ने।
**टीचर :** क्या ..!
**नैंसी :** सर, कल मेरे पापा का मोबाइल नहीं मिल रहा था, मम्मी ने ही खोजकर उनको दिया था।
**-आयुष, कोंडागांव**

**मम्मी :** दूध को खराब होने से बचाने के लिए क्या उपाय करना चाहिए?
**नव्या :** इसे पी लेना चाहिए।
**-अदिति, रोहतक**

**रोहन :** तुम्हें पता है, बूंद-बूंद से ही सागर बनता है।
**सोहन :** (होंठों पर जीभ फिराते हुए) और बूंदी-बूंदी से लड्डू।
**-मनन, दुर्ग**

कहानी

अंजना मनोज गर्ग

विशेषः पृथ्वी दिवस, 22 अप्रैल

भोलू अपने पापा-मम्मी के साथ शहर में बने नए पार्क में घूमने गया। वहां मजे से टहला। थक कर जब वह पार्क की हरी घास पर बैठा तो घास ने उसे डांट दिया। घास ने ही नहीं डांटा, पेड़-पौधों और यहां तक कि झील के पानी ने भी डांटा। आखिर इन सब ने भोलू को डांटा क्यों?

# भोलू का अपना घर



भोलू बहुत खुश था। उसके पापा ने उससे प्रॉमिस किया था कि कल संडे को वह उसे शहर में बना नया पार्क दिखाने ले जाएंगे। आज वह मम्मी से पैसे लेकर खूब सारी टॉफियां, चॉकलेट और चिप्स के पैकेट खरीद लाया ताकि वहां पार्क में घूम-घूम कर खा सके, फुल एंज्वॉय करे। कल सुबह पार्क में जाने के लिए उसने पूरी तैयारी कर ली। रात वह जल्दी सो गया, क्योंकि पार्क जाने के लिए सुबह-सुबह घर से जल्दी निकलना था।

अगले दिन संडे को भोलू, पापा-मम्मी के साथ पार्क में था। वहां सब कुछ बहुत ही लुभावना था। पार्क के चारों तरफ फूलों से लदे पौधे, घनी शाखाओं वाले बड़े-बड़े वृक्ष लगे हुए थे। पूरे पार्क में नरम, मुलायम घास उगी हुई थी। वहां लगे झूलों में बड़े मजे से बच्चे झूल रहे थे। पार्क में एक छोटी-सी झील भी थी, जिसमें लोग बोटिंग कर रहे थे। भोलू को वहां बहुत मजा आ रहा था।

पापा के साथ पार्क घूमते हुए भोलू ने चॉकलेट निकाली और उसे खाकर उसका खाली रैपर वहीं पौधों के नीचे डाल दिया। यह देख पापा ने उसे टोका, 'नहीं भोलू बेटा, ऐसे कचरा नहीं फैलाते। तुम इस खाली रैपर को अपनी जेब में रख लो। बाद में जहां तुम्हें डस्टबिन दिखे, उसमें डाल देना।'

'अरे पापा, यह कोई अपना घर है क्या? आप बेकार ही परेशान हो रहे हैं।' भोलू ने लापरवाही से जवाब दिया। कुछ देर बाद वह झील के पास पहुंचा, वहीं एक किनारे बैठकर उसने चटपटे नमकीन का पैकेट निकाला और खाकर उसका रैपर जमीन पर फेंक दिया। पापा ने फिर टोका तो उसने वही शब्द दोहरा दिए, 'क्या पापा, यह कोई अपना घर है क्या?' भोलू पूरे पार्क में जी भर के घूमा। उसने जहां-तहां कचरा फैला दिया। थक कर वह ज्यों ही एक जगह नरम घास पर बैठा, त्यों ही उसे जोर से कुछ चुभा। उसने देखा, घास नुकीली होकर चुभ रही है। घास गुस्से से बोली, 'तुम्हारा घर है क्या, जो यहां बैठ रहे हो?'

भोलू घबराया-सा झील की तरफ भागा। वहां बैठना चाहा तो झील का पानी गुस्साया, 'खबरदार! जो यहां बैठे, तुम्हारा घर है क्या?' भयभीत भोलू ने जब एक पेड़ के नीचे खड़ा होना चाहा तो पेड़ ने भी गुस्से में अपनी लंबी शाखाओं से उसे दूर झटक दिया और बोला, 'यहां क्यों खड़े हो, यह तुम्हारा घर है क्या? भागो यहां से।'

भोलू को महसूस हुआ जैसे पूरा पार्क, झील, पेड़-पौधे, घास सभी चिल्ला कर उससे कह रहे हैं, 'यह तुम्हारा घर है क्या? यह पार्क तुम्हारा घर है क्या?'

तभी मम्मी भोलू के कमरे में आईं। उन्होंने देखा वह नींद में भी बड़बड़ा रहा था, 'यह तुम्हारा घर है क्या.. यह तुम्हारा घर है क्या...?'

मम्मी ने झिंझोड़ कर भोलू को जगाया, 'क्या हुआ बेटा, कोई सपना देख रहे हो क्या?'

भोलू ने उठकर अपनी मम्मी को सपने की पूरी बात बताई। उसने मम्मी से पूछा, 'पार्क में सभी पेड़-पौधे बार-बार क्यों कह रहे थे कि यह पार्क तुम्हारा घर है क्या?'

मम्मी ने डरे हुए भोलू के सिर पर प्यार से हाथ फेरा और बोलीं, 'बेटा, जब तुमने चॉकलेट और दूसरे खाली रैपर वहीं पार्क में फेंक दिए और कहा कि यह कौन-सा मेरा घर है। बस वही बात पलट कर पेड़-पौधों ने तुमसे कही, यह तुम्हारा घर है क्या? बेटा तुम पार्क इसीलिए गए थे कि वहां अच्छा लगेगा। लेकिन तुम वहां गंदगी फैला रहे थे। यह भी बोल रहे थे, क्या अपना घर है क्या? यह कौन-सी बात हुई, अपना घर साफ रखो और बाहर सब जगह गंदगी फैलाओ। बेटा क्या पृथ्वी के पेड़-पौधे और घास की हरियाली अपनी नहीं है? तुम पार्क को सार्वजनिक स्थल मानकर पराया समझ कर वहां गंदगी फैला रहे थे। इसलिए ही तो वहां पेड़-पौधों, झील, घास सबको तुम्हारे ऊपर गुस्सा आया कि जब यह पार्क तुम्हारा घर नहीं है तो तुम यहां सैर या आराम कैसे कर सकते हो?'

भोलू को मम्मी की बात बहुत अच्छी तरह समझ में आ गई थी। वह बोला, 'मम्मी, आप सही कह रही हैं। मैंने कितनी बड़ी गलती की। आज जब आप लोगों के साथ पार्क जाऊंगा, तो कचरे के लिए एक थैली भी साथ ले जाऊंगा। सारा कचरा उस थैली में भर लूंगा, पार्क में बिल्कुल भी गंदगी नहीं फैलाऊंगा। वह भी तो मेरा ही घर है ना। पार्क क्या, पूरी पृथ्वी हमारे घर जैसी है। इसे साफ-सुथरा रखना हमारी जिम्मेदारी है।'

मम्मी को इस बात की खुशी हुई कि भोलू को बात समझ में आ गई है कि पूरी पृथ्वी उसके अपने घर के समान है, उसे स्वच्छ रखना उसकी जिम्मेदारी है। *

कविता

दिनेश विजयवर्गीय



## हम सबकी हैं जान किताबें

जन-मन की पसंद किताबें
ज्ञान का भंडार किताबें।
शब्दों का संसार यह रचती
शब्दों का है मान किताबें।
जीवन में उजियारा लाती
होती ज्ञानी गुणी किताबें।
सदा मित्र-सा साथ निभाती
जीवन मुस्काती खूब किताबें।
छोड़ मोबाइल पढ़ें किताबें
देती ऐसा संदेश किताबें।
जीवन को आनंदित करती
मनोरंजन की शान किताबें।
रंग-बिरंगी चित्रों वाली
बच्चों के मन भाए किताबें।
पुस्तक मेलों में मन मुस्काती
हम सबकी है जान किताबें

## रंग भरो-148

**रंग भरो-148** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पलक, धमतरी



यशिका, बिलासपुर



सुयश, बिलासपुर



लक्षित, रोहतक



कल्पित, रोहतक



भावन्या, भिलाई

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिव्यांशी-भिलाई, अथर्व-बिलासपुर, राजन-हिसार, नाज-दिल्ली, मनीष-अंबिकापुर, धीरज-महेंद्रगढ़, यश-बालोदा बाजार, पूनम-जींद, अमित-कांकेर, अस्मिता-कटनी, राकेश-दुर्ग, रति-धमतरी, अंकित-भोपाल, दिवाकर-करनाल, रानी-कोरिया

## रंग भरो 149



बच्चों, पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक बच्चा पेड़ के पास बैठकर, पृथ्वी और पर्यावरण में उसके योगदान के लिए 'थैंक यू' बोल रहा है। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां एक अधूरा चित्र और उसके बगल में चार कटआउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कटआउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।




उत्तर : 1.D, 2.C, 3.A, 4.B

## खबर संक्षेप

### शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई

**लोहारू।** एसडीएम अमित कुमार के मार्गदर्शन में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे स्वीप अभियान के तहत गुरूवार को लोहारू के पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्या दर्शना कुमारी ने विद्यार्थियों को वोट का महत्व बताया और विद्यार्थियों को 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई।

### शिविर में 250 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**भिवानी।** गांव चंदाबास में प्राचार्य भगतसिंह कोठारी ने अपने माता-पिता की पुण्यतिथि पर बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में नारायणी अस्पताल जुई के चिकित्सक निखिल शर्मा ने टीम सदस्यों के साथ अपनी सेवाएं दी। शिविर में ग्लोबल अस्पताल बाढ़ड़ा से डॉ. हेमंत श्योराण, डॉ. अंजली शर्मा, कृष्णा अस्पताल से डॉ. निवेदिता ने भी लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें स्वस्थ रहने संबंधी जानकारी दी।

### ट्रैक्टर का सामान चोरी करने में दो गिरफ्तार

**नारनौंद।** नारनौंद थाना पुलिस ने खेत में खड़े ट्रेक्टर का सामान चोरी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। सब इंस्पेक्टर दलबीर ने बताया कि राखी गढ़ी निवासी बलबीर के खेत में खड़े ट्रेक्टर का सामान दो युवक चोरी करके फरार हो गए थे। वारदात में प्रयोग बाइक को कब्जे में लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हर्ष पुत्र कर्मबीर निवासी मिलकपुर व मनीश पुत्र बिजेन्द्र निवासी खेड़ी रोज के रुप में हुई है।

### भाभड़ा बिरादरी गुरुद्वारा में बैसाखी समागम

**हिसार।** भाभड़ा सेवा ट्रस्ट की ओर से 19 से 21 अप्रैल तक डोगरान मौहल्ला स्थित भाभड़ा बिरादरी के गुरुद्वारा में बैसाखी समागम का आयोजन किया जाएगा। गुरुद्वारा सभा के प्रधान गोबिंद बेदी ने बताया कि समागम के पहले दिन प्रातः 8:00 बजे श्री अखंड पाठ साहब का शुभारंभ किया जाएगा। 21 अप्रैल को प्रातः 10 बजे बीबी जसप्रीत कौर, पटियाला वाले शब्द कीर्तन करेंगे। कीर्तन दरबार में पूर्व पार्षद पंकज दीवान की अध्यक्षता में हिसार लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे ।

### रोज करीब 125 बसों की होती थी एंट्री, अब महज इक्का दुक्का जा रही

# बाढ़ड़ा बस स्टैंड में गेहूं के ढेरियां लगने से बसों का आवागमन बंद

प्रशासन ने बाढ़ड़ा बस स्टैंड को वैकल्पिक अनाजमंडी में तब्दील कर गेहूं डलवाना शुरू कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बाढ़ड़ा



भिवानी। बाढ़ड़ा बस स्टैंड परिसर में लगी गेहूं की ढ़ेरिया व बस से उतरते यात्री।

बाढ़ड़ा की अनाजमंडी में सरसों की बंपर आवक होने के कारण गेहूं डालने की जगह नहीं बच पाई, जिसके चलते प्रशासन ने बाढ़ड़ा बस स्टैंड को वैकल्पिक अनाजमंडी में तब्दील कर गेहूं डलवाना शुरू किया, जिसके चलते बस स्टैंड परिसर में बस बूथ, टिकट बूथ व यात्रियों के बैठने की कुर्सियां तक गेहूं की ढेरियों के नीचे छिप गई और परिसर में चारों ओर गेहूं की गेहूं नजर आ रहा है। गेहूं के ढेरियों के कारण बस स्टैंड परिसर में बसों का आवागमन बाधित हो गया है और बसे बाहर से ही लौट रही हैं तथा यात्रियों को खासी दिक्कते हो रही हैं। बस का इंतजार करने वाले यात्रियों को बैठने के लिए व्यवस्था नहीं होने के कारण गर्मी के मौसम में धूप में खड़ा रहना पड़ रहा है। यात्रियों ने प्रशासन से मांग की कि ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे किसानों और यात्रियों को को परेशानी न हो। अनाजमंडी में मौजूदा रबी सीजन के दौरान सरसों की बंपर आवक होने व सरसों खरीद में जीएसटी के विरोध के चलते मंडी पहुंची सरसों की समय पर खरीद व उठान नहीं होने के कारण मंडी सरसों से अटी पड़ी है। वहीं गेहूं की आवक शुरू होने व मंडी परिसर में जगह नहीं होने के कारण बाढ़ड़ा बस स्टैंड में गेहूं डलवाये जा रहे हैं। काफी मात्रा में गेहूं की आवक होने के कारण बस स्टैंड में पूरी तरह से अव्यवस्था फैल गई है।

### बैठने को जगह गायब

बस स्टैंड में चारों ओर गेहूं ही गेहूं नजर आ रहा है। यात्रियों के ढंग से बैठने के लिए जगह भी नहीं बची हैं और उन्हें बस स्टैंड परिसर में धूप में बैठना पड़ रहा है। वीरवार को सुबह के समय कुछ बसें बस स्टैंड के अंदर पहुंची थी, लेकिन दोपहर बाद अधिकतर बसें बस स्टैंड के अंदर जाने की बजाय बस स्टैंड के बाहर से ही यात्रियों को उतार व चढ़ाकर निकल रही हैं जिसके चलते गर्मी के मौसम में यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### बस स्टैंड के बाहर लौट रही बसें

बाढ़ड़ा बस स्टैंड में प्रतिदिन सुबह से शाम तक बसों का आवागमन जारी रहता था और दिनभर में लोहारू, चरखी दादरी, तोशाम, सतनाली आदि रूटों से आने वाले करीब 125 बसों की बस स्टैंड में एंट्री होती थी, लेकिन तीन दिन से बस स्टैंड परिसर में गेहूं डलवाया जा रहा है जिससे लगातार परेशानी हो रही है। बुधवार को बस स्टैंड परिसर में हालात बिगड़ने लगे थे और यात्रियों के लिए बैठने की कुर्सियों तक गेहूं में छिप गई थी, इसके बावजूद भी यात्रियों की समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया और लगातार गेहूं डलवाया जा रहा है। वीरवार को दोपहर बाद से इक्का-दुक्का बसों को छोड़कर बसें बस स्टैंड के अंदर नहीं जा पाई है और बाहर से निकल गई है जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है।

### जल्द खरीद कर करवाएंगे उठान: सहायक सचिव

चरखी दादरी मार्केट कमेटी के सहायक सचिव विकास कुमार ने कहा कि मंडी में जगह नहीं होने के कारण प्रशासन से अनुमति के बाद गेहूं बाढ़ड़ा बस स्टैंड में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही गेहूं की खरीद करके इसका उठान करवा दिया जाएगा, जिससे बसों का संचालन सुचारू रूप से शुरू हो जाएगा।



भिवानी। हनुमान जोहड़ी में आयोजित कार्यक्रम में कन्याओं का पूजन करते हुए।

## हनुमान जोहड़ी मंदिर में कन्या पूजन से हुआ हवन का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

- कन्या पूजन से नारी शक्ति को मिलता है सम्मान : चरणदास

हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा नवरात्र के उपलक्ष्य में हवन एवं पूजन का आयोजन किया गया। 9 दिवसीय हवन एवं पूजन का समापन कन्या पूजन के साथ किया गया। इस मौके पर 9 दिवसीय हवन में पूर्णाहुति के उपरांत 9 कन्याओं का पूजन कर उन्हे भोज करवाया गया तथा उपहार भेंट किए गए। हवन के अवसर पर मुख्य यजमान के तौर पर अमित गोयल व रितु गोयल पहुंचे। इस मौके पर मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास ने कहा कि 9 दिवसीय हवन में मां बगलामुखी, मां शाकंभरी, मा सरस्वती, मां लक्ष्मी एवं मां दुर्गा के 9 स्वरूपों का पूजन, यज्ञ एवं अनुष्ठा पश्चात 10वें दिन कन्या पूजन, प्रसाद एवं सम्मान दिया गया। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में कन्या एवं महिला को पूजनीय माना गया है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के 9 दिनों में मां दुर्गा की कृपा पाने के लिए कन्या पूजन करते हैए जिससे जीवन में भय, विघ्न और शत्रुओं का नाश होकर सुख.समृद्धि आती है। इन कन्याओं में मां दुर्गा का वास रहता है। इसके अलावा कन्या पूजन से समाज में नारी शक्ति को सम्मान मिलता है। महंत चरणदास ने कहा कि भगवत पुराण के अनुसार कन्या के जन्म का एक वर्ष बीतने के पश्चात कन्या को कुंवारी की संज्ञा दी गई है। अतः दो वर्ष की कन्या को कुमारी, तीन वर्ष की कन्या को त्रिमूर्ति, चार वर्ष की कल्याणी, पांच वर्ष की रोहिणी, 6 वर्ष की कलिका, 7 वर्ष की चंडिका, 8 वर्ष की शाम्भवी,9 वर्ष की दुर्गा तथा 10 वर्ष की कन्या सुभद्रा के सामान मानी जाती हैं। उन्होंने कहा कि धर्मग्रंथों के अनुसार 3 वर्ष से लेकर 10 वर्ष की कन्याएं साक्षात शक्ति का स्वरुप मानी गई हैं। इसीलिए नवरात्रों का समापन कन्या पूजन के साथ किया जाता है। चरणदास ने बताया कि मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जारी 21 दिवसीय हवन 17वें दिन भी जारी रहा। इस अवसर पर आचार्य पवन शास्त्री,सेठ मनसुखा, मुकेश सोनी, प्रदीप निक्का, संजीव कौशिक, ओमबीर कौशिक, प्रताप सैनी, सीताराम वर्मा, शशीकला देवी, शमशेर सिंह सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## पहाड़ी क्षेत्र में लगी आग, दो घंटे में पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लोहारू



लोहारू। लोहारू के पहाड़ी गांव में पहाड़ी माता मंदिर के पीछे खुले क्षेत्र में आग लगने से उठते धुएं का गुब्बार। फोटो : हरिभूमि

उपमंडल निकटवर्ती एतिहासिक पहाड़ी माता मंदिर के पीछे पहाड़ी के एक हिस्से में गुरूवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवा के कारण देखते ही देखते आग करीब तीन एकड़ के क्षेत्र में फैल गई और चारों तरफ का एरिया धुएं के गुब्बार में लिपट गया। गनीमत यह रही कि यह आग आबादी वाले क्षेत्र से विपरीत दिशा में लगी थी। जिससे आग से अधिक नुकसान नहीं हुआ। लेकिन जब तक दमकल की गाड़ी से आग पर काबू पाया तब तक अनेक पेड़ और वहां पर कुछ लोगों द्वारा थापे गए गोबर के उपले आग की भेंट चढ़ गए। आग पर काबू पाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। पहाड़ी गांव निवासी मानसिंह श्योराण, नरेश कुमार, सरपंच प्रतिनिधि, अरुण शर्मा और पवन ने बताया कि गुरूवार दोपहर अचानक पहाड़ी माता मंदिर के पीछे खाली पड़े क्षेत्र में आग लग गई। पहाड़ी क्षेत्र में सूखी घास अधिक होने और हवा तेज होने के कारण आग ने करीब तीन एकड़ के क्षेत्र को घेर लिया। घटना की सूचना डायल 112 और दमकल विभाग को देने के बाद पुलिस टीम और दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग से हालांकि कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ।

## आचार संहिता को लेकर सोशल मीडिया पर रहेगी नजर

- निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संबंधित उम्मीदवार व पार्टी के खाते में जोड़ा जाएगा सोशल मीडिया पर प्रचार .प्रसार का खर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

लोकसभा चुनाव को जिला में पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है।

आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार साइबर सैल सहित विभिन्न टीमों द्वारा सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित विज्ञापनों का खर्चा भी संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में जोड़ा जाएगा। आचार संहिता के दौरान कोई भी उम्मीदवार व पार्टी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भ्रामक चुनाव सामग्री का प्रसारण नहीं कर सकते। आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना नहीं होने दी जाएगी, यदि कोई ऐसा करता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल ने बताया कि चुनाव संपन्न होने तक आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू रहेगी। किसी भी व्यक्ति को आचार संहिता के उल्लंघन करने की इजाजत नही है। आचार संहिता की पालना को लेकर विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। टीमों की यूट्यूब, इस्ट्राग्राम, फेसबुक व वाट्सएप ग्रुप आदि सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान अखबार, टेलीविजन व रेडियो की तरह सोशल मीडिया पर भी चुनाव के दौरान प्रचार किया जाता है, जिस पर राशि खर्च होती है। यह खर्च संबंधित प्रत्याशी या पार्टी के खाते में जोड़ा जाता है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर जिला में गठित टीमें इस बार चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर भी नजर रखेंगी।

### यू.टयूब चैनल पर भी हो सकती है कार्रवाई

रिपोर्ट के आधार पर संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में उस विज्ञापन का खर्चा जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान सोशल मीडिया की निगरानी भी बहुत जरूरी है। सोशल मीडिया पर भी कई बार चुनाव के दौरान यू.ट्यूब वीडियो प्लेटफॉर्म आदि पर उम्मीदवार व पार्टी चुनाव का प्रचार करते हैं। निगरानी टीम को यदि ऐसे वीडियो मिलते हैं जो अपनी खबरों से किसी प्रत्याशी या राजनैतिक दल का एकतरफा जीत का दावा या समर्थन करते हों या जाति, धर्म विशेष के पक्ष में या कोई भ्रामक सामग्री दर्शाते हों, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हों तो उस स्थिति में संबंधित यू.टयूब चैनल चलाने वाले के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी नरवाल ने बताया कि आदर्श आचार संहिता एक समान रूप से सभी पर लागू होती है, जिसमें समाचार पत्र, टेलीविजन, रेडियो और सोशल मीडिया भी शामिल है। आयोग के निर्देशों के अनुसार मीडिया के सभी माध्यमों में चुनाव में एक समानता होनी चाहिए।

# सरकार आढ़तियों व किसानों को कर रही परेशान: सांगवान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी



मनीषा सांगवान

- 36 घंटे में भुगतान का दावा करने वाली सरकार की सरसों खरीद में ही सांसें उखड़ी

कांग्रेस वरिष्ठ नेत्री डॉ. मनीषा सांगवान ने कहा कि सरसों खरीद पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाकर सरकार खरीद प्रक्रिया को बाधित कर रही है।

सरसों में जीएसटी लगाना वाजिब नहीं है। जिसके विरोध में करीब एक सप्ताह से खरीद बंद है। आढ़तियों व किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, पिछली एक सप्ताह से किसानों की सरसों खरीद के इंतजार में मंडी में पड़ी हुई है और सरकार जीएसटी मामले का कोई हल नहीं निकाल रही। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि गेट पास जारी होने के 36 घंटे में भुगतान का दावा करने वाली सरकार की सरसों खरीद में ही सांसे उखड़ गई हैं। जीएसटी मामले को लेकर आढ़तियों के विरोध के चलते सप्ताहभर से खरीद बंद है। उन्होंने कहा कि फसल खरीद में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने के दावे करने वाली सरकार के हवा हवाई साबित हो रहे हैं और मंडियों में किसानों को भारी समस्याएं उठानी पड़ रही है। किसानों को मंडियों में सुविधा मिल पा रही हैं और न ही समय पर उनकी फसल बिक पा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार आढ़तियों से जीएसटी की मांग कर रही है, जबकि आढ़ती एसोसिएशन का कहना है कि जब किसानों से सीधे हैफेड़ खरीद कर रही है और किसानों के खाते में पेमेंट कर रही हैं तो फिर सरकार आढ़तियों से जीएसटी जमा करवाना गलत है।



## अर्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च

**भिवानी।** वीरवार को पुलिस के साथ अर्धसैनिक बलों ने गाड़ियों के काफिले के साथ शहर में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान लोगों को चुनाव में शांति कायम रखने की अपील की। पुलिस के साथ अर्धसैनिक बलों के जवानों ने सिविल लाइन इलाके से शुरू किया। महम गेट, रोहतक गेट होते हुए शहर के मुख्य मार्गो से सेना के जवान पैदल मार्च किया। इस दौरान स्थानीय पुलिस बल भी अर्धसैनिक बलों के साथ रहा। अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों ने लोगों से निष्पक्ष होकर चुनाव में मतदान करने का आहवान किया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 25 को लोकसभा का मतदान होगा। शांतिपूर्वक तरीके से चुनाव करवाए जाने को लेकर भिवानी में अर्ध सैनिक बलों की टुकड़ियां भेजी गई है। जो कि अलग थानों के क्षेत्रों में फैलग मार्च कर रही है।

## 224 शिकायतें मिली, किया समाधान

- चुनाव से संबंधित शिकायतों का किया जा रहा तत्परता से समाधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी



लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना को लेकर सी विजिल नामक एप पर शिकायत की जा सकती है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एप पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का 100 मिनट में समाधान किया जाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि दादरी जिले में लोकसभा चुनाव से संबंधित शिकायतों को दर्ज करने के लिए चौबीस घंटे कंट्रोल रूम संचालित है। कंट्रोल रूम के नंबर 1950, 298657, 298658, 298659 व 298690 पर शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम से चुनाव सहित मतदाता सूची से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। कंट्रोल रूम में अभी तक 224 शिकायतें आ चुकी हैं, जिनमें से सभी का समाधान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए सी विजील नामक एप भी संचालित की जा रही है। निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार एप पर आने वाली शिकायतों का 100 मिनट के अंदर समाधान किया जाता है। सी-विजल ऐप को कोई भी अपने एंड्राएड मोबाइल पर प्ले-स्टोर ऐप से इसे डाउनलोड कर सकता है।

### वीडियो या फोटो खींचकर भेजे

उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर आदर्श आचार संहिता की उल्लंघन हो रही है या सरकारी भवनों पर प्रचार सामग्री चस्पा होना, बिलजी के खम्बों, चौक-चौराहों व अन्य जगह के साथ-साथ कहीं पर भी इसकी अवहेलना हो रही है तो उसकी वीडियो या फोटो खींचकर भेज सकता है। संबंधित टीम मौके पर जाकर 100 मिनट के अंदर इसका निपटान करेगी। इस एप पर अभी तक जिले में कोई शिकायत नहीं आई है।

## भागवत का मुख्य विषय है निष्काम भक्ति : मिश्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

श्री मद भागवत कथा का मुख्य विषय निष्काम भक्ति है । भगवान भोग के लिए की गई भक्ति से प्रसन्न नही होते अपितु भगवान की सेवा में तत्पर रहने वालो से ही भगवान प्रसन्न होते है। ये विचार लिबर्टी सिनेमा रोड़ स्थित कुंगडियों के मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिवस की कथा के अवसर पर कथा व्यास डॉ. विनय मिश्र ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा की हमे भगवान के लिए भक्ति करनी चाहिए। भक्ति का फल भगवान होना चाहिए,सांसारिक भोग भी। मांगने से प्रेम की धारा टूट जाती है,प्रेम का प्रमाण घटने लगता है। प्रभु से कुछ नही मांगना चाहिए। भगवान को अपना ऋणी बनाओ। हम भगवान से यदि कुछ मांगते है तो भगवान यदि वह हमे दे भी देते है तो भी भगवान का हमारे प्रति प्रेम तो कम हो ही जाता है। उन्होंने कहा कि भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है। इसके साथ साथ भागवत के छह प्रश्न, निष्काम भक्ति, 24 अवतार नारद का पूर्व जन्म, परीक्षित जन्म, कुन्ती देवी के सुख के अवसर में भी विपत्ति की याचना करती है। क्यों कि दुख में ही तो गोविन्द का दर्शन होता है।

# विद्यार्थियों के लिए हुनर से रोजगार तक नि:शुल्क होटल मैनेजमेंट कोर्स शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। स्वामी दीप्तानंद अवधूत आश्रम में शुरू हुए फ्री कोर्स का शुभारंभ करते संत व अन्य लोग। फोटो : हरिभूमि

युवाओं को रोजगार की दिशा में अग्रसर करने के उद्देश्य से खरड़ अलीपुर में होटल मैनेजमेंट का निशुल्क कोर्स शुरू किया गया है।

भारत सरकार के उपक्रम पर्यटन मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे कौशल सेंटर द्वारा खरड़ अलीपुर के स्वामी दीप्तानंद अवधूत आश्रम में यह कोर्स तीन महीने तक करवाया जाएगा। हुनर से रोजगार तक के नाम से संचालित किए जा रहे इस कोर्स के दौरान 300 विद्यार्थियों के लिए आवास व भोजन की व्यवस्था भी निशुल्क रहेगी। इस कोर्स को सफलतापूर्वक करने वाले विद्यार्थियों को फ्री ट्रेनिंग, प्रोत्साहन राशि व भारत सरकार द्वारा जारी प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। इसके साथ-साथ रोजगार की भी समुचित व्यवस्था फ्री की जाएगी। निशुल्क होटल मैनेजमेंट कोर्स का शुभारंभ स्वामी दीप्तानंद अवधूत आश्रम के संचालक स्वामी जितेंद्रानंद ने गुरुवार को रिबन काटकर किया।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर मां चंडके देवी सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल, कोर्स संचालक बलवंत सोनी, लोहा मंडी प्रधान सुरेश मय्यड़, निरंजन गोयल व्यापार संगठन महामंत्री, ताराचंद तायल सहयोगी अपना घर आश्रम, अतुल बडेसरा, रजनीश यादव, रेणु बाला रास्ता फाउंडेशन व रामफल राणा सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नंदगांव में मतदाताओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

- सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की भजन मंडली ने नंदगांव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया प्रेरित

जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल के निर्देशानुसार सूचनाए जनसंपक, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन मंडली ने गांव नंदगांव में विगत चुनाव में कम मतदान वाले बूथ क्षेत्रों के मतदाताओं को लोकशैली में मतदान करने को जागरूक किया। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र सिंगल ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान को लेकर जिला में प्रत्येक विधानसभानुसार दस.दस ऐसे बूथों की सूची तैयार की गई है।

**सूचना**

मैं, सुरेन्द्र पुत्र श्री रिशाल सिंह निवासी खरक खुर्द तहसील व जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरे सभी कागजातों में मेरा नाम सुरेन्द्र दर्ज है जबकि मेरी पुत्री शीतल के स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम सुन्दर दर्ज है जो कि अनजाने में दर्ज है जबकि मेरा सही नाम सुरेन्द्र है। अब मेरी पुत्री के स्कूल रिकार्ड/मार्कशीट/विश्वविद्यालय आदि में मेरा नाम सुन्दर के स्थान पर सुरेन्द्र दर्ज करवाना चाहता हूं।

## खबर संक्षेप



### खिलाड़ियों को समझाया मतदान का महत्व

**बाढ़ड़ा।** मतदाता पंजीकरण लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहली सीढ़ी है, इसको ध्यान में रखते हुए स्वीप टीम ने चरखी दादरी डीसी मनदीप कौर के निर्देशन में बाढड़ा क्षेत्र की खेल अकादमियों में पहुंचकर 18 वर्ष आयु के व्यस्कों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने एवं निर्भीक हो निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित किया। धूपसिंह बॉलीबॉल अकादमी चांदवास व बायब्रेंट कबड्डी अकादमी हंसावास खुर्द में खिलाड़ियों को लोस चुनाव में मतदान के लिए जागरूक किया।



### शिक्षा के साथ खेलों का बड़ा महत्व : एसडीएम

**तोशाम।** एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा है कि शिक्षा के साथ.साथ खेलों का भी विशेष महत्व है। खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। एसडीएम वीरवार को चौ. सुरेंद्र सिंह मैमोरियल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में स्टाफ सदस्य राजेश सिवाच द्वारा गोल्ड मेडल जितने पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। आईटीआई के स्टाफ सदस्य राजेश सिवाच ने 12वीं सीनियर नेशनल ऑल इंडिया वालीबॉल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।

## बहल अनाज मंडी में 1.25 लाख क्विंटल से अधिक सरसों बिक्री के लिए पड़ी

# बारदाना और उठान में ढिलाई को लेकर किसान सभा ने धरना दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

अखिल भारतीय किसान सभा बहल के कार्यकर्ताओं द्वारा अनाज मंडी बहल में वारदाना की कमी व उठान में ढिलाई के चलते सरसों की खरीद नहीं होने व भुगतान नहीं होने के विरोध में धरना दिया गया तथा सरकार विरोधी नारे लगाए। धरने की अध्यक्षता खंड प्रधान सुबेदार धनपत सिंह ने की तथा संचालन सचिव मंदरुप नूनसर ने किया । रामफल देशवाल, जिला प्रधान , अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी ने धरने को संबोधित करते हुए कहा किए भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के चलते मंडियों में सरसों खरीद के लिए ना ही वारदाना है, जिसके कारण सरसों खरीद नही हो पा रही तथा ना ही उठान हो पा रहा है। जिसके कारण किसानों को सरसों मंडियों में पड़ी है । बहल अनाज मंडी में 1.25 लाख क्विंट से अधिक सरसों बिनी बिक्री के लिए पड़ी है। नैफेड के लिए लगभग 2.00 लाख किवंटल सरसों खरीद का लक्ष्य पुरा हो चुका है परंतु वारदाना की कमी के चलते, ना भराई हो पा रही है, ना जे. फार्म काटे जा रहे हैं, पिछले 15 दिनों से बिकी सरसों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। 8 अप्रैल से व्यवसायिक खरीद के लिय सरसों वेयरहाउस कापारेरेशन द्वारा खरीदी जानी है, परंतु बहुत कम मात्रा में सरसों खरीद रहा है, जिसके कारण 1.25 किवंटल से अधिक सरसों बिना खरीद मंडी में पड़ी है।



**बहल।** बहल अनाजमंडी में धरने पर बैठे किसान। फोटो : हरिभूमि



**तोशाम।** अनाजमंडी में सरसों के बैगों को कंधे पर उठाकर विरोध जताते आढ़ती।

### मंडियों में 4,05,771 क्विंटल सरसों की आवक

जिला की 6 मंडियों में आज यानी 18 अप्रैल तक सरसों की बम्पर आवक होने व उठान के चलते खरीद नहीं होगी,लेकिन वहीं दूसरी ओर अकेले भिवानी नई अनाज मंडी की बात करें तो तीन दिन बाद फिर से खरीद शुरू हो चुकी है। अभी तक भिवानी मंडी में 20 हजार 218 किसान सरसों लेकर पहुंचे हैं। चार लाख 5 हजार 771 क्विंटल मंडी में सरसों की आवक हो चली है। वहीं गेंहू चार हजार एक सौ चार किसान गेंहू मंडी में लेकर आए हैं। तीन लाख 9 हजार 634 क्विंटल गेंहू की आवक हुई हैं। वहीं किसानों का कहना है कि मंडी में सुचारू रूप से खरीद की जा रही है।उनके लिए खाने पीने और गेट पास की सुविधाएं हैं। कुछ किसानों ने कहा कि आधी सरसों एमएसपी यानी 5650 रु प्रति क्विंटल के हिसाब से बिक्त्री कर दी है।

### सरसों खरीद सवा दो लाख क्विंटल से ज्यादा

तोशाम अनाज मंडी में अब तक सवा दो लाख क्विंटल के करीब खरीद हो चुकी है, इसमें से मात्र 80 हजार क्विंटल सरसो का उठान हो पाया है। डेढ़ लाख क्विंटल के करीब सरसों मंडी में पड़ी है, जिसकारण मंडी में सरसों व गेंहू उतारने की जगह नहीं है। मौसम खराब होने व उठान को लेकर आढ़ती बहुत ज्यादा परेशान हैं।

### तोशाम मंडी में उठान धीमा होने पर आढ़तियों ने कंधे पर सरसों के बैग उठाकर जताया विरोध

**तोशाम।** तोशाम मंडी से सरसों का उठान धीमी गति से होने के कारण वीरवार को आढ़तियों ने सरसों से भरे बैग अपने कंधों पर उठाकर विरोध जताया। आढ़तियों ने सरकार से मांग की कि उठान में तेजी लाई जाए। आढ़तियों ने बताया कि गत पांच अप्रैल को हैफेड की खरीद बंद हुई थी,उसके बाद स्टेट वेयर हाउस ने खरीद शुरू की। स्टेट वेयर हाउस ने खरीद शुरू करने के बाद से उठान का कार्य बहुत ही धीमी गति से हो रहा हैं, जिससे मंडी सरसों से अट गई हैं। उठान न होने के कारण सरसों की खरीद रूक-रूक कर हो रही है, जिसकारण किसानों को बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। वीरवार को खरीद बंद होने के कारण शुक्रवार को खरीद होगी। शुक्रवार को ज्यादा किसान सरसों लेकर आएंगे, जिसके बाद किसानों को रात तक सरसो बेचने के लिए इंतजार करना पड़ेगा, वहीं मार्ग पर जाम लग जाएगा, जिससे किसानों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस मौके पर आढ़ती चेतन शर्मा, चेयरमैन अनिल झूल्ली, दीपक ख्यालिया, पप्पू सेठ, मोती लाल, संजय कुमार, सुनील दलाल, रविंद्र बासिया, युद्धवीर, सज्जन गोयल, विनोद पटौदी, सचिन पटौदी, प्रवीण कुमार, कुलदीप नेहरा आदि मौजूद थे।

### तोशाम मंडी में और मंडियों से तेज हो रहा उठान

स्टेट वेयर हाउस के डीएम दिलबाग सिंह ने बताया कि तोशाम मंडी का उठान और मंडियों से तेज हो रहा है। तोशाम मंडी से 23 प्रतिशत के करीब उठान हो चुका है। उठान में और तेजी लाई जाएगी। वहीं मंडी सचिव सुदेश कुमारी ने बताया कि उठान की समस्या है, जिसकारण रूक रूक कर खरीद हो रही है।



# लिफ्टिंग धीमी होने से सरसों और गेहूं से अटी सभी मंडियां

- मंडियों में गेहूं और सरसों की आवक के तेजी पकड़ते ही मार्केट प्रशासन व खरीद एजेंसी के हाथ फूलने लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

लोहारू और ढिगावा की अनाजमंडी में इन दिनों प्रशासन के सभी पुख्ता इंतजाम और किसानों को दिक्कत नहीं आने देने के दावों की पोल खुलती आसानी से देखी जा सकती है। मंडियों में गेहूं और सरसों की आवक के तेजी पकड़ते ही मार्केट प्रशासन व खरीद एजेंसी के हाथ फूलने लगे हैं। मंडियों में कथित रूप से लिफ्टिंग प्रक्रिया कछुआ चाल से होने के कारण दोनों मंडियों में तिल रखने की भी जगह नही है और कतारों में खड़े किसानों के साथ साथ आढ़ती भी खासे परेशान दिखाई दे रहे हैं। किसानों व आढ़तियों ने प्रशासन से उठान में तेजी लाने की मांग की।

आढ़तियों व किसानों ने बताया कि मंडी में अनाज की आवक लगातार हो रही है, लेकिन लिफ्टिंग धीमी होने के कारण अब मंडी में जगह नही बची है। जिसके कारण अनेक आढ़तियों को किसानों का अनाज मंडी से बाहर के एरिया में गिरवाना पड़ रहा है। माना जा रहा है कि अगर समय रहते लिफ्टिंग को तेज नही किया गया तो आने वाले कुछ दिनों में किसान प्रशासन व सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल सकते हैं।

मार्केट कमेटी सचिव अनिल कुमार ने बताया कि लोहारू अनाजमंडी में अब तक 1 लाख 38 हजार 749 क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है, जिसमें 1 लाख 11 हजार 477 क्विंटल की खरीद हो चुकी है जबकि करीब 53 हजार क्विंटल सरसों का उठान हो पाया है। यहीं नहीं ढिगावा अनाजमंडी में अब तक 325220 क्विंटल सरसों की आवक हुई है जिसमें से 174441 क्विंटल का खरीद और 82581 क्विंटल सरसों का उठान हो पाया है। वहीं मंडियों में गेहूं की आवक भी होने लगी है। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है, लिफ्टिंग में तेजी लाई जा रही है। किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नही आने दी जाएगी।

# स्कूलों के चालकों को किया जाएगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

महेन्द्रगढ़ जिला की तहसील कनीना के गांव उन्हानी में स्कूल बस के हादसे पर हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के राज्य प्रवक्ता सुधीर अहलावत ने दादरी डिपो महाप्रबंधक को चालकों को चालक प्रशिक्षण स्कूल में प्रशिक्षकों को जागरूक करने हेतु ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से संगठन को अपने डिपो में इस अभियान को आगे बढ़ाने में सहयोग करने का आह्वान किया है।

अहलावत ने कहा कि सड़क पर यात्रा करते समय हमें भी अपना-अपना रोल निभाना होगा। इसलिए इस हादसे से सबक लेकर संगठन जल्द ही एक अभियान चलाएगा। अभियान में स्कूलों और ड्राइविंग संस्थानों में ड्राइवरों को यातायात नियमों और सुरक्षा संबंधित नियमों के प्रति जागरूक नैतिक करेंगे। वहीं उन्होंने गांव उन्हानी में स्कूल बस के हादसे पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे हरियाणा प्रदेश के लिए ये बेहद दुख की घड़ी है। इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले और घायल परिवारों के लिए हम प्रार्थनारत है। स्कूल संचालकों को काफी गंभीरता से अपनी कार्यशैली पर विचार करने की आवश्यकता है। संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने ज्ञापन के माध्यम से सरकार से अपील की कि मामले में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदारों को किसी भी सूरत में न बक्शा जाए।



**चरखी दादरी।** जीएम को ज्ञापन देते संघ पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि



**चरखी दादरी।** ग्राम सभा में उपस्थित बच्चे व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### ज्यादा से ज्यादा बच्चों को स्किल से जोड़ें

**चरखी दादरी।** शहीद हवासिंह राजकीय वमा विद्यालय बेरला में एनएसक्यूएफ परियोजना के अंतर्गत रिटेल व ऑटो मोबाइल के जागरूकता अभियान के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया, जिसमें सरपंच ज्योति, प्रतिनिधि नवीन तथा स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष बनीसिंह सहित विद्यालय से पास आउट विद्यार्थी, वर्तमान में अध्यनरत विद्यार्थी व सभी स्टाफ सदस्यों तथा ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। एनएसक्यूएफ विषयों के फायदों के बारे में बताते हुए नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा इनके बारे में जागरूक करने की अपील की गई। इसके साथ ही पूर्व में इन विषयों में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा हासिल की उपलब्धियों पर चर्चा की। ऑटो मोबाइल विषय अनुदेशक परमजीत रोहिला ने बताया कि एक अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाने के बाद घर-घर जाकर 12 अप्रैल तक सभी ग्राम वासियों को इस विषय के महत्व को समझाया और जागरूकता दिवस ग्राम सभा को आमंत्रित किया। उक्त निर्देशों की अनुपालन में गत दिनों को स्कूल में एक ग्राम सभा चौपाल का आयोजन किया गया है।

# संवेदनशील बूथों को लेकर प्रशासन मुस्तैद

- 912 पोलिंग बूथों में से 126 बूथ संवेदनशील की श्रेणी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढ़ंग से चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा की दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पुलिस विभाग द्वारा संवेदनशील बूथ चिन्हित किए गए हैं। जिला भिवानी के अंतर्गत आने वाले चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 912 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं, इनमें यहां की पूर्व की तनाव आदि की पृष्ठभूमि या वर्तमान की विषम परिस्थितियों के मद्देनजर 126 पोलिंग बूथ संवेदनशील की श्रेणी में रखे गए हैं, जहां शांतिपूर्वक मतदान के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। चिन्हित किए गए इन सभी संवेदनशील बूथों पर शांतिपूर्वक मतदान संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन अतिरिक्त प्रयास करेगा, जिसमें अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी शामिल रहेगी।

### प्रशासन ले रहा पल-पल की सूचना

जिला में चिन्हित किए गए सवेदनशील मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्वक मतदान को लेकर प्रशासन द्वारा अभी से कड़ी नजर रखी जा रही है। यहां पर पूर्व की पृष्ठभूमि के आधार पर अभी से पहरा दिया जा रहा है। एक तरफ जहां अधिकारियों द्वारा पोलिंग बूथों से संबंधित गणमान्य व प्रबुद्ध लोगों से शांति व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग देने के लिए संपर्क साधा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को समय रहते काबू करने को लेकर लोगों के आवागमन पर भी नजर रखी जा रही है। प्रशासन द्वारा इन बूथों के बारे में पल.पल की सूचना ली जा रही है।

### शांतिपूर्वक ढंग से मतदान के लिए पुख्ता प्रबंध किए

जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने बताया कि पुलिस द्वारा संवेदनशील बूथ चिन्हित किए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा जिला के सभी 912 बूथों पर शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष ढंग से मतदान करवाने को लेकर पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। नागरिकों को मतदान में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। संवेदनशील बूथों पर जरूरत के अनुरूप पुलिब बल तैनात किया जाएगा।

### डीईओ ने राजकीय कन्या स्कूल का किया निरीक्षण



**बाढ़ड़ा।** चरखी दादरी के जिला शिक्षा अधिकारी ने वीरवार को बाढ़ड़ा में राजकीय कन्या स्कूल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने लैब व दूसरे स्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बाढ़ड़ा खंड शिक्षा अधिकारी जलकरण सिंह उनके साथ मौजूद रहे। बता दें कि बीईओ जलकरण ने वीरवार को राजकीय कन्या वमा विद्यालय में पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विज्ञान प्रयोग शाला, कक्षा कक्ष, कंप्यूटर लैब आदि का निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान डीईओ को कोई बड़ी खामी नहीं मिली।

### ऊण में गेहूं की फसल में लगी आग डायल 112 टीम मौके पर पहुंची



**बाढ़ड़ा।** गांव ऊण में वीरवार को किसान द्वारा काटकर एकत्रित की गई गेहूं की फसल में आग लग गई। आसपास के खेतों में काम करने वाले किसानों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा नुकसान होने से टल गया। बता दें कि गांव ऊण निवासी किसान राजेश ने करीब डेढ बीघा गेहूं की फसल काटकर खेत में एकत्रित की थी, जिसमें वीरवार को आग लग गई। किसानों के अनुसार खेती के बीच से बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। आग लगने की घटना की जानकारी डायल 112 व फायर ब्रिगेड को दी, जिसके बाद बाढ़ड़ा पुलिस थाना में तैनात ईआरवी मौके पर पहुंची। वहीं इस दौरान समीप के खेतों में काम करने वाले किसानों ने बोरवैल आदि से पानी का प्रबंध कर आग पर काबू पाया।

# सफलता पर पंचायत करेंगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

गांव सूई में चल रहे ग्रामोत्थान फाउंडेशन सेंटर में रामनवमी के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गांव सूई के सरपंच रवि कुमार मुख्य अतिथि के रूप मे तथा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सूई के प्रवक्ता सुंदर कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गांव के सरपंच रवि कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें सफलता के गुर दिए साथ ही उन्हें कहा कि वे सफलता के लिए खूब मेहनत करें। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वालो को सफलता जरूर मिलती है। वही कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि प्रवक्ता सुंदर सिंह ने सभी बच्चों को संबोधित किया और कि आज का युग कम्प्यूटर का युग है इसलिए हर बच्चे को कंप्यूटर की ओर जरुर जाना चाहिए। वही उन्होंने कहा कि बच्चें को शिक्षा के साथ साथ अन्य हाथ का कार्य अवश्य आना चाहिए। लड़कियों को सिलाई कढाई व ब्यूटीपार्लर जैसे कार्य सीखने चाहिए ताकि वे खुद का कार्य भी करें ओर साथ ही इस काम को अपना रोजगार भी बना कर स्थापित कर सकें। इस मौके पर कार्यक्रम में ग्रामोत्थान फाउंडेशन के जीआरसी राहुल शर्मा द्वारा बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम में कुसुम, सुमन, अश्वनी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



**बवानीखेड़ा।** एकत्रित बच्चों को संबोधित करता प्रवक्ता सुंदर कुमार।

# जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने सुनीं समस्याएं

- नागरिकों ने अधिकारियों के समक्ष रखी पर्याप्त पेयजल मुहैया करवाने की मांग

**भिवानी।** डीसी नरेश नरवाल के आदेशानुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने वीरवार को वार्ड 11 और 12 के लिए कोंट रोड़ पर डीएवी स्कूल में खुला दरबार लगाया। नागरिकों ने अधिकारियों से पर्याप्त मात्रा में पेयजल मुहैया करवाने की मांग की। विभाग के जेई संजय जैन और उमेद सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनी।

उल्लेखनीय है कि गर्मी के मौसम के चलते डीसी नरवाल द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शहर में नागरिकों के समक्ष पेयजल की समस्या नहीं बननी चाहिए। डीसी श्री नरवाल के निर्देशानुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने वार्ड 11 और 12 के लिए कोंट रोड़ पर डीएवी स्कूल में खुला दरबार लगाया। इस दौरान अधिकारियों ने नागरिकों की पेयजल आपूर्ति व सीवरेज लाइन ब्लॉक होने की शिकायतें सुनी। नागरिकों ने अधिकारियों से पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग की। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम के चलते पानी की खपत बढ़ जाती है। ऐसे में पानी की कीमत को समझना होगा। हमें पानी की बचत करनी है। जल संरक्षण के जिला सलाहकार अशोक भाटी ने नागरिकों से आहन किया कि पेयजल से गाड़ी या कोई भी वाहन न धोएं और न ही पीने के पानी से पशुओं को नहलाएं। विभाग का हरसंभव प्रयास है कि नागरिकों को समक्ष पेयजल की समस्या न बनें। इस दौरान पार्षद कर्मबीर यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु.2000/-<br>रु.2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## जीवन का दूसरा नाम ही संघर्ष, असफलता ही सफलता की सीढ़ीः डॉ. तरुण

# डॉ. तरूण पाहवा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

सफलता की राह हमेशा ही बेहद चुनौतियों से भरी होती है, जीवन का दूसरा नाम ही संघर्ष है, लेकिन विजेता वही बनता है जो अपने लक्ष्य को निर्धारित कर अपना पूरा ध्यान उस पर केंद्रित कर आगे बढ़ता है। सफलता हमेशा उसी को मिलती है जो असफलता से घबराता नहीं बल्कि इसके जरिए अपनी गलतियों को जान व समझकर आगे बढ़ता है, ये बात यूपीएससी में 231वा रैंक हासिल करने वाले दादरी के डॉ. तरूण पाहवा ने दादरी पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह के दौरान कही

उन्होंने कहा कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है, क्योंकि संघर्ष करने का माद्दा रखने वाले को जीवन के प्रथम चरणों में इससे गुजरना पड़ता है। अपने अंदर के हुनर को परिश्रम की आग में तपाना पड़ता है तभी सोना कुंदन बनता है। निदेशक मुन्नालाल गुप्ता व प्राचार्य पूनमचंद गुप्ता की अगुवाई में स्टाफ ने उनका स्वागत बुके भेंट कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सहकारिता मंत्री सतपाल सांगवान व विद्यालय चेयरपर्सन कृष्णा देवी ने की।



**चरखी दादरी।** कार्यक्रम में अपने विचार रखते डॉ. तरुण पाहवा। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

सांगवान ने आईपीएस डॉ. तरुण की उपलब्धि को दादरी क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया। गुप्ता ने कहा कि शिक्षा जीवन में आगे संघर्ष करने के लिए हमें उत्साहित करती है, इसे आईपीएस डॉ. तरुण ने साबित कर दिखाया। कार्यक्रम में प्रमुख व्यवसायी सुनील गर्ग, पार्षद कुलदीप सैनी, पार्षद विनोद वाल्मीकि, पार्षद कुलदीप गांधी, पार्षद प्रतिनिधि जतिन फौगाट, जयंत वशिष्ठ, मुकेश शर्मा, अनिल बाले व डॉ. गौरी शंकर आदि ने शिरकत की।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू | 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
CUET | S.S.C.
अग्निवीर | C.E.T.
रेलवे | N.D.A.
अनुभवी अध्यापक | नोटस पैकेज | शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली (च. दादरी) नजदीक बस स्टैण्ड
9416330206, 9050035973